
# शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## राजनांदगांव (छ.ग.)

## विभागीय प्रतिवेदन

**2019–2020**

## संस्कृत विभाग



**विभागाध्यक्ष**

**डॉ. दिव्या देशपांडे**

**प्राचार्य**

**डॉ.(श्रीमती) बी. एन. मेश्राम**

# संस्कृत विभाग

## वर्ष **2019-2020**

विभाग का परिचय :—

- स्थापना वर्ष – स्नातक– 1957

  स्नातकोत्तर– 2003

- स्वीकृत पद – प्राध्यापक– 01
- सहा. प्राध्यापक– 02

- संचालित पाठ्यक्रम–स्नातक एवं स्नातकोत्तर

- विभिन्न कक्षाओं में छात्र संख्या (सत्र 2019–2020)
  - स्नातक प्रथम वर्ष– **23**
  - स्नातक द्वितीय वर्ष– **10**
  - स्नातक अंतिम वर्ष– **02**
  - स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष– **28**
  - स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष– **14**

विभाग में कार्यरत प्राध्यापकः—

- सहायक प्राध्यापक – 02
  - (1) डॉ. दिव्या देशपाण्डे
  - (2) डॉ. ललित प्रधान आर्य
- अतिथि व्याख्याता – 01
  - (1) डॉ. महेन्द्र नगपुरे

## स्नातक एवं स्नातकोत्तर परिषद् (2019-2020)

**अध्यक्ष** - कु. किरण सिन्हा

**उपाध्यक्ष** – कु. सगरी

**सचिव** – कु.लाकेश्वरी वर्मा

**सहसचिव** – श्री टिकेश्वर चौबे

**कार्यकारी सदस्य** :- स्नातकोत्तर स्तर संस्कृत तथा स्नातक स्तर संस्कृत के सभी छात्र संस्कृतसाहित्यपरिषद् के सदस्य होंगें।

## संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम

### दिनांक13/08/2019 से 19/08/2019

महाविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा दिनांक 13/08/2019 से 19/08/2019 तक संस्कृत – सप्ताह का आयोजन किया गया। दिनांक13/08/2019 को संस्कृत सप्ताह का उद्घाटन शोभा यात्रा के साथ हुआ। विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर का भ्रमण कर परिसर के मंदिरों में देवपूजन, स्तोत्रपाठ तथा वैदिकमन्त्र पाठ किया। दिनांक 14/08/2019 को संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम. ए. तृतीय सेमेस्टर की छात्र श्री विकास ने प्राप्त किया। दिनांक 16/08/2019 को रक्षासूत्र बंधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दिन विभाग के विद्यार्थियों ने परस्पर श्लोकोच्चार करते हुए एक – दूसरे को रक्षासूत्र बांधे। दिनांक 19/08/2019 संस्कृत श्लोक पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने श्लोको का लयबद्ध पाठ किया। इस श्लोक पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम. ए. प्रथम सेमेस्टर के श्री मालती उसेंडी ने प्राप्त किया।

कार्यक्रम का समापन दिनांक 19/08/2019 को किया गया।समापन कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती पूजन एवं स्वस्ति वाचन से हुआ। डॉ. ललित प्रधान आर्य ने संस्कृत सप्ताह मनाने का उद्देश्य बताते हुये सप्ताह भर के कार्यक्रमों से संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपाण्डे संस्कृत भाषा के महत्व, भविष्य में संस्कृत की उन्नति हेतु किये जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। अन्त में आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता डॉ. महेन्द्र नगपुरे ने किया। संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत होने वाली प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किये गये।

## संस्कृत साहित्य परिषद् का उद्घाटन

**दिनांक 15/10/2019**

दिनांक 15/10/2019 को डॉ. शंकरमुनि राय जी की गरिमामय उपस्थिति में संस्कृत साहित्य परिषद् का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

प्राचार्य जी के मार्गदर्शन में प्रावीण्यता के आधार पर संस्कृत साहित्य परिषद् का गठन निम्नानुसार हुआः–

अध्यक्ष - कु. किरण सिन्हा

उपाध्यक्ष – कु. सगरी

सचिव – कु.लाकेश्वरी वर्मा

सहसचिव – श्री टिकेश्वर चौबे

**कार्यकारी सदस्य** :- स्नातकोत्तर स्तर संस्कृत तथा स्नातक स्तर संस्कृत के सभी छात्र संस्कृतसाहित्यपरिषद् के सदस्य होंगें।

## वाल्मिकी जयन्ती

**दिनांक 15/10/2019**

दिनांक 15/10/2019 को संस्कृत विभाग में वाल्मिकी जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शंकरमुनि राय जी ने की। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। डॉ. शंकरमुनि राय ने अपने उद्_बोधन में कहा कि विश्व की समस्त भाषाओं की जननी संस्कृत भाषा है। अतः भाषाओं के शुद्धोच्चारण एवं ज्ञान की दृष्टि से संस्कृत का ज्ञान

आवश्यक है। उन्होनें कहा कि आज इस अवसर पर यह संकल्प ले कि संस्कृत के प्रचार–प्रसार हेतु सतत् प्रयत्नशील रहेगें। डॉ. शंकरमुनि राय जी ने कहा कि संस्कृत की व्यवहारिक एवं व्यवसायिक उपयोगिता बढ़ाने का प्रयत्न किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन विभाग के सहायक प्राध्यापक श्री ललित प्रधान आर्य ने संस्कृत भाषा में किया। संपूर्ण कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपांडे के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

## कालीदास जयंती

### दिनांक 16/11/2019

दिनांक 16/11/2019 को संस्कृत विभाग में कालीदास जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालीदास श्लोक पाठ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपाण्डे तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित प्रधान आर्य ने कालीदास एवं उनके ग्रंथों के विषय में विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान दिया। डॉ. ललित प्रधान आर्य ने कालीदास के जीवनवृत्त एवं उनकी कृतियों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि कालीदास की कृतियाँ कालजयी है। डॉ. दिव्या देशपाण्डे ने कालीदास के ग्रंथों के भावपक्ष एवं उनके मानवीय मूल्यों के चिंतन पर प्रकाश डाला।

# विस्तार कार्यक्रम

## दिनांक 23/01/2020

विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने प्रतिवर्ष हमारे महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग से विद्यार्थियों को ऐसे स्थानों पर ले ? ?? ? ? ?? ? ?जहाँ वे समाज के उस वर्ग से मिल सके जिन्हें समाज के विशेष , श्यकता है।इसी तारतम्य मेंध्यानाकर्षण की आव ?? वर्ष दिनांक_23/01/2020 ? ? ? ? सहकर्मी प्राध्यापकों के साथ विद्यार्थियों को लेकर आस्था मूक बधिर केंद्र पहूँ? ?यद्यपि हम पहले भी वृद्धाश्रम तथा अन्य स्थानों पर जा चुके हैं किन्तु आज आज भिन्नता यह थी कि वहाँ पहूँचे हर व्यक्ति की आँख नम थी।हृदय में स्वयं की पूर्णता के लिए ईश्वर को धन्यवाद था और उस विद्यालय के प्रत्येक बच्चे के लिए स्नेह था।आज विद्यार्थियों ने कहा कि उन्होंने जीवन का वह पक्ष देखा जहाँ अपूर्णता में भी सम्पूर्णता है।जहाँ कठिन जीवन को हँसकर जीने की कटिबद्धता है।इस संस्था के विद्यार्थी सुन नही ? ? ?क्रप्यूटर चलाते है ।माता पिता से दूर रहते ,नाचते हैं,??????,बोल नही सकते पर, उन्हें याद करते हैं पर जीवन ध,हैंारा में आने के लिए उन्हें सब स्वीकार है।? ??? की यथार्थता पूर्णता में नही अपितु अपूर्णता में भी कृतसंकल्प होकर संघर्ष करने में हैं।

सभी ने इस कार्यक्रम में आनंदपूर्वक भाग लेकर इसे उपयोगी बताया। यह कार्यक्रम विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपाण्डे एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित प्रधान आर्य के कुशल नेतृत्व मे संपन्न हुआ।

## बसंत पंचमी

### दिनांक 31/01/2020

दिनांक 31/01/2020 को संस्कृत विभाग में बसंत पंचमी के अवसर पर सरस्वती पूजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. बी.एन. मेश्राम जी तथा डॉ. शंकरमुनि राय भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों द्वारा संस्कृत मंत्रोच्चारण के माध्यम से विधिवत सरस्वती पूजन एवं हवन कार्य संपादित किया गया।

## संस्कृत सम्भाषण शिविर

### दिनांक 11/02/2020 से 22/02/2020

दिनांक 11/02/2020 से 22/02/2020 तक संस्कृत विभाग में संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 11/02/2020 को में हुआ। उद्घाटन के अवसर पर सम्भाषण प्रशिक्षक श्री फागेश्वर साहू,कु. पूजा चौधरी, संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपाण्डे, सहायक प्राध्यापक डॉ. ललित प्रधान आर्य तथा अतिथि व्याख्याता डॉ. महेन्द्र नगपुरे उपस्थित थे।

उद्घाटन के पश्चात् निरंतर 10 दिवस संस्कृत सम्भाषण का प्रशिक्षण प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 2.30 बजे तक दिया गया, जिससे न केवल विद्यार्थियों के भाषा कौशल का वर्धन हुआ अपितु उनके संस्कृत शब्द भंडार, आत्मविश्वास, उच्चारण क्षमता का भी विकास हुआ।

दिनांक 22/02/2020 को इस सम्भाषण शिविर का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा दूरवाणी सम्भाषण, परस्पर वार्तालाप, अनुभव कथन, संस्कृत गीत गायन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। संस्कृत सम्भाषण शिविर से लगभग 40 विद्यार्थी

लाभान्वित हुये। इस शिविर में सहभागी हुये विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

## विशेष व्याख्यान

दिनांक 24/02/2020

दिनांक 24/02/2020 को संस्कृत विभाग में विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रायपुर में पदस्थ संस्कृत साहित्य के सहायक प्राध्यापक डॉ. राघवेन्द्र शर्मा जी ने काव्यमीमांसा विषय पर संस्कृत भाषा में व्याख्यान दिया। सर्वप्रथम डॉ. राघवेन्द्र शर्मा जी ने आचार्य राजशेखर के विषय में जानकारी देते हुये उनके ग्रंथ काव्यमीमांसा का परिचय दिया। तत्पश्चात् काव्यमीमांसा ग्रंथ के प्रथम 5 अध्यायों पर सविस्तार प्रकाश डाला। उनका सारगर्भित व्याख्यान छात्रोपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपांडे ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम संस्कृत भाषा में ही संपन्न हुआ।

## विशेष व्याख्यान

दिनांक 24/02/2020

दिनांक 24/02/2020 को संस्कृत विभाग में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रायपुर में पदस्थ संस्कृत के सहायक प्राध्यापक डॉ. सत्येन्दु शर्मा जी ने 'भाषा विज्ञान'विषय पर संस्कृत भाषा में व्याख्यान

दिया। उनका सारगर्भित व्याख्यान छात्रोपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपांडे ने किया। संपूर्ण कार्यक्रम संस्कृत भाषा में ही संपन्न हुआ।

## पालक सम्मेलन एवं भूतपूर्व छात्र सम्मेलन

दिनांक 25/02/2020

दिनांक 25/02/2020 को संस्कृत विभाग में विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापको की उपस्थिति में पालक सम्मेलन तथा भूतपूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्नात्कोत्तर पूर्वार्द्ध एवं उत्तरार्द्ध के छात्र–छात्राओं के पालक विशेष रूप से उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या देशपाण्डे ने सम्मेलन में उपस्थित सभी पालकों से उनके पाल्यों की शैक्षणिक प्रगति, विभाग में अध्ययन का स्तर, महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिये उपलब्ध सुविधाओं, उनके पाल्यों की विभिन्न समस्याओं आदि विषयों पर व्यक्तिगत रूप से चर्चा की। पालकों द्वारा विभाग में अध्ययन एवं अन्य गतिविधियों के संबंध में संतुष्टि प्रकट की गई है तथा महाविद्यालय एवं विभाग की उन्नति हेतु अपने बहुमूल्य सुझाव भी प्रदान किये गये। पालकों द्वारा फीडबैक प्रपत्र भरकर फीडबैक प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित भूतपूर्व छात्रो द्वारा भी महाविद्यालय एवं विभाग की उत्तरोत्तर प्रगति पर संतुष्टि व्यक्त की गयी उन्होने अपने बहुमूल्य सुझाव दी प्रदान किये। पालकों एवं भूतपूर्व छात्रो द्वारा फीडबैक प्रपत्र भरकर फीडबैक प्रदान किया गया।

## अन्य गतिविधियाँ

1. अंतर्विषयक व्याख्यानः— संस्कृत विभाग में समय—समय पर अंतर्विषयक व्याख्यान आयोजित किये गये हैं जिसमें अन्य विभाग के सहायक प्राध्यापकों ने विभाग में आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इस तारतम्य में दिनांक 17.01.2020 को हिन्दी विभाग के विभागाध्यक्ष श्री . शंकरमुनि राय जी ने 'भाषा विज्ञान' विषय पर, तथा दिनांक 29.02.2020 को दर्शन एव योग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री ????? ??? ????? जी ने 'नास्तिक दर्शन' विषय पर व्याख्यान दिया।

- स्वच्छता कार्य :— संस्कृत विभाग में प्रत्येक सोमवार को विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों द्वारा विभाग एवं विभाग के सामने के परिसर की स्वच्छता का कार्य संपादित किया जाता है।

- आधुनिक संचार साधनों का प्रयोग करते हुए अध्यापनः— संस्कृत विभाग में अध्यापन हेतु आधुनिक संचार साधनों का भी प्रयोग किया जाता है। विद्यार्थियों को कक्षा में अध्ययनोपयोगी एन्ड्राईड मोबाईल एप्स की जानकारी दी गई। इंटरनेट के माध्यम से संस्कृत वार्तावली इत्यादि कार्यक्रमों, संस्कृत लघु फिल्मों का प्रदर्शन विद्यार्थियों के समक्ष समय—समय पर किया गया। यू—ट्यूब पर उपलब्ध नेट (NET) तथा सेट ( SET ) से संबंधित प्रामाणिक व्याख्यान विडियो की भी जानकारी विद्यार्थियों को दी गई।

# चित्र वीथी 2019-2020





शिक्षक दिवस 2019-2020



कालीदास जयन्ती 2019-2020




साप्ताहिक स्वच्छता कार्य 2019-2020




वाल्मीकि जयन्ती एवं संस्कृत साहित्य परिषद उद्घाटन समारोह 2019-2020




संस्कृत सप्ताह पुरस्कार वितरण **2019**-2020




स्वच्छता दिवस **2019**-2020



अंतर्विषयक व्याख्यान **2019**-2020




विस्तार कार्यक्रम **2019**-202 मूक-बधिर केंद्र भ्रमण)





विस्तार कार्यक्रम 2019-2020 (मूक-बधिर केंद्र भ्रमण) मिष्ठान्न एवं सामग्री वितरण




संस्कृत संभाषण कार्यशाला 2019-2020




विशेष व्याख्यान 2019-2020







वसन्त पंचमी **2019**-2020